हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-10 हरिद्वार, शुक्रवार, 01 अप्रैल, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

## सीएम ने थराली, चमोली में अनिल बलूनी के समर्थन में आयोजित जनसभा में किया प्रतिभाग

**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि चमोली जिले की देव धरा में आकार गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। ये किसानों, जवानों, की भूमि है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों में चमोली का अन्नदाता राज्य की सेवा कर रहा है। उन्होंने थराली के लाल वीर शहीद भवानी जोशी को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा 19 अप्रैल को राज्य में लोक सभा हेतु मतदान होना है, गढ़वाल लोकसभा से प्रत्याशि अनिल बलूनी का अनुभव गढ़वाल क्षेत्र को मिलना है। उन्होंने जनता से अनिल बलूनी को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा तीरथ सिंह रावत जी द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अनिल बलूनी जी के कंधो मे है। हम सब मिलकर विकास की गंगा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए है, ग्वालदम से कर्णप्रयाग मार्ग का भी विकास हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विजन और दृढ़ संकल्प से पूरा भारत आगे बढ़ा है। विकास की नई गाथा लिखी गई है। दुनिया में भारत का मान सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। भारत शक्तिशाली देश के रूप में सामने आया है। कोरोना जैसे कठिन काल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था दुनियां में 5वी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। कोरोना के बाद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। दुनिया में भारत के युवाओं का कौशल आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा 2014 के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 15 नए एम्स की आधारशिला रखी गई है। 74 नए हवाई अड्डों का विकास कार्य हुआ है। रेलवे स्टेशन का विकास कार्य जारी है। वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी संपूर्ण देश को अपना परिवार मानकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास हेतु निरन्तर कार्य कर रहे है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने चमोली के माणा गांव को देश का आखिरी गांव से देश का पहला गांव बनाया है। अब देश का हर सीमांत गांव देश का पहला गांव है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए हैं। 12 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से जल पहुंचा है। देश के 50 करोड़ लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है। आज दिल्ली देहरादून से सीधा पैसा लाभार्थी के खाते में आता है। 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज मिल रहा है। विभिन्न योजनाओं के तहत गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हजारों करोड़ रुपए की सहायता दी गई है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में ष्ट लागू हुआ है। कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली धारा-370 का अंत किया है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा ख़त्म हुई है। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण का सपना साकार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश के विकास को नए पंख लगे हैं। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने पूर्व में किए वादे अनुसार राज्य में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किया है। प्रदेश में पारदर्शित के साथ परीक्षाओं का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसके लिए राज्य सरकार ने नकल विरोधी कानून लागू किया है। सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा इसके साथ ही राज्य में दंगारोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है। साथ ही महिलाओं को 30 क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश में गरीब परिवारों को साल में नि:शुल्क 3 सिलेंडर रिफिल करवाएं जा रहे हैं। थराली एवं आस पास के क्षेत्रों में बहुत से विकास कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में चमोली जनपद और थराली क्षेत्र के विकास के लिए 45 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया था। थराली विधानसभा क्षेत्र के 4 विकास खंडों में गौ-संरक्षण सेवा केंद्र और कुलसारी में उत्कृष्टता केंद्र खोलने का काम किया गया है। राज्य सरकार ने महज दो वर्षों के कार्यकाल में थराली विधानसभा के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने का काम किया है। उन्होंने कहा हम उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने ''विकल्प रहित संकल्प'' के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा देश पर 60 सालों तक राज करने वाली कांग्रेस ने देश को बस लूटा है। कांग्रेस के लोगों में हमेशा लूटने, घोटालों, भ्रष्टाचार की बात होती है। सभी विपक्ष के लोग अपने परिवार, पार्टी और अस्तित्व को बचाने के लिए गठबंधन बना रहे हैं। 60 सालों तक राज करके देश को लूटने का काम किया है। इनकी सरकारों ने काम नहीं काले कारनामे किए हैं। मुगलों और अंग्रेजों के बाद भारत को कंगाल करने का श्रेय कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकारों को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार पूर्ण पारदर्शिता के साथ राष्ट्रहित को ध्येय मानकर काम कर रही है। कांग्रेस सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जाने वाली पार्टी है। कांग्रेस ने अंग्रेजियत वाली मानसिकता नहीं छोड़ी, वो आज भी 'बांटो और राज करो' की नीति का ही अनुसरण कर रही है। कांग्रेस ने पहले देश फिर समाज को जाति, समुदाय, धर्म, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटा है। आज वो और उनके समर्थन दल सनातन धर्म पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा हमें कांग्रेस को भारी वोटों से हराकर पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र और थराली का रिकॉर्ड बनाना है। भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कहा कि बड़ी संख्या स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में आए हैं। 19 तारीख तक हम सबने बहुत मेहनत करनी है, उसके उपरांत मैं आप लोगों के लिए मेहनत करूंगा। थराली से हमने कार्यक्रम की शुरूवात की है। उत्तराखंड एवं चमोली जिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री जी इस क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं। राज्यसभा सांसद के तौर पर डॉपलर रडार की स्थापना, रेल कनेक्टीविटी सहित कई अन्य कार्य करवाए। उन्होंने कहा मैं हर पल हर समय आप लोगों के लिए उपलब्ध हूं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक भोपाल राम टम्टा, विधायक अनिल नौटियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने किया ज्वालापुर विधानसभा में रोड शो

**हरिद्वार,( संवाददाता )।** आज हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ज्वालापुर विधानसभा में रोड शो के दौरान कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश व प्रदेश के साथ ही लोकसभा हरिद्वार की जनता एकजुट होकर आगे आ रही है। समावेशी विकास को धरातल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेकर आए है। देश की जनता साफ तौर पर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना चाहती है। देश के सभी वर्ग और सभी तबके चुनाव में मोदी के साथ खड़े है।



रोड शो के दौरान जनता का प्यार और जोश देखकर मन उत्साहित है लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ज्वालापुर विधानसभा में रोड शो निकाल कर क्षेत्र की जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर प्रचार शुरू किया त्रिवेंद्र ने रोड शो की शुरुआत गांव सोलहपुर से की रोड शो के दौरान त्रिवेंद्र का जगह जगह बड़ी संख्या में खड़े कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर और फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया।

रोड शो के दौरान कार्यकर्ता लगातार आतिशबाजी करते नजर आए। इस दौरान गांव इब्राहिमपुर मसाही, हद्दीवाला, झिंड्यान ग्रंट, मनुबास, मुजाहिदपुर सतिवाला, लालवाला मजबता, बुधवाशाहीद, तेलपुरा, डाडा पट्टी, डाडा जलालपुर, छांगा मजारी में रोड शो निकाल कर जनता का आर्शीवाद लिया। रोड शो के दौरान त्रिवेंद्र ने कहा की आशीर्वाद और स्नेह के साथ मुझे कृतज्ञ करने के लिए सभी देवतुल्य जनता का आभारी हूं। अपील करते हुए कहा की आगामी चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत की जीत दिलाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व विधायक सुरेश राठौड़, जय भगवान सैनी, देवी सिंह राणा, सुशील चौहान, अमित राज, पवन राठौर, रीता सैनी, रविंदर कौर, चंदन चौहान, जय भगवान सैनी, निर्मल सिंह, राकेश राजपूत, प्रदीप सैनी, मनीराम, सुनीत कुमार, प्रदीप उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## गाड़ी का टैक्स बकाया है तो हो जाएं अलर्ट, आरटीओ करेगा सार्वजनिक नाम

देहरादून। अगर आपकी गाड़ी का टैक्स अभी बकाया है, तो उसे जल्दी जमा कर दें। दरअसल, परिवहन विभाग ऐसे ५०० बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक करने जा रहा है, जिन्होंने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं करवाया है, इनकी सूची आरटीओ दफ्तर की दीवारों पर चस्पा की जाएगी। १०० बड़े बकायेदारों के घर पर नोटिस चस्पा किए जाएंगे। दून आरटीओ में १६ हजार वाहन ऐसे हैं, जिनका टैक्स जमा नहीं है। इन वाहनों पर ५९ करोड़ रुपये बकाया चल रहा है। इसमें तीन हजार ऐसे वाहन हैं, जिन पर एक लाख रुपये से ज्यादा टैक्स बकाया चल रहा है। इसमें बस, टैक्सी, ट्रक, ऑटो, विक्रम, ई-रिक्शा, सिटी बस समेत सभी श्रेणी के कॉमर्शियल वाहन हैं। संभागीय परिवहन विभाग सभी वाहन स्वामियों को नोटिस भेज चुका है, लेकिन वित्तीय वर्ष में सिर्फ आठ करोड़ रुपये की वसूली ही हो पाई। इसमें भी दो करोड़ रुपये वसूली पत्र के माध्यम से वसूल हुए हैं।आरटीओ ने बताया कि अभी तक ६०० बकायेदारों को वसूली पत्र जारी किए जा चुके जा हैं। वसूली पत्र के माध्यम से दो करोड़ का टैक्स जमा हुआ है। लेकिन कुछ वसूली पत्र वापस आ रहे हैं। ऐसे वाहन स्वामियों के वाहन और घर का सत्यापन किया जाएगा।

एआरटीओ (प्रशासन) नवीन सिंह ने बताया कि १०० बड़े बकायेदारों की सूची दफ्तर में चस्पा की जा चुकी है। ५०० बकायेदारों की सूची तैयार की जा रही है, जिसे जल्द ही चस्पा किया जाएगा। इसके साथ ही १०० बकायेदारों के घर पर बाइक स्क्वॉयड भेजकर नोटिस चस्पा करवाए जाएंगे।

## सम्पादकीय

### महिला शिक्षा

शिक्षा वयस्क जीवन के प्रति स्त्रियों के विकास के लिए एक आधार के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा अन्य अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़कियों और महिलाओं को सक्षम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बहुत सी समस्याओं को पुरुषों से नहीं कह सकने के कारण महिलाएं कठिनाई का सामना करती रहती हैं। अगर महिलाएँ शिक्षित हों तो वे अपने घरों की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। स्त्री शिक्षा राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय विकास में मदद करता है। आर्थिक विकास और एक राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में मदद करता है। महिला शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में मदद करती है।शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का अर्थ यह नहीं है कि नारी शिक्षित होकर पुरुष को अपना प्रतिद्वन्द्वी मानते हुए उसके सामने ही मोर्चा लेकर खड़ी हो जाए। बल्कि वह आर्थिक क्षेत्र में भी पुरुष के बराबर समानता का अधिकार प्राप्त करके उसके साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध के समीकर्ण बनाने में सक्षम बने। जिस प्रकार शरीर को भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मानसिक विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। अगर नारी ही शिक्षित नहीं होगी तो वह न तो सफल गृहिणी बन सकेगी और न कुशल माता। समाज में बाल-अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। अगर एक माँ ही अशिक्षित होगी तो वह अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन करके उनका मानसिक विकास कैसे कर पाएगी और एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास सम्भव नहीं हो सकेगा। अत: यह कहा जा सकता है कि शिक्षित नारी ही भविष्य में निराशा एवं शोषण के अन्धकार से निकलकर परिवार को सही राह दिखा सकती है। इसका एक रूप शिक्षा में स्त्रियों को पुरुषों की ही तरह शामिल करने से संबंधित है। दूसरे रूप में यह स्त्रियों के लिए बनाई गई विशेष शिक्षा पद्धति को संदर्भित करता है।

# भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं, हमें 1823 करोड़ रुपये के नए नोटिस दिए : कांग्रेस



**नईदिल्ली,एजेंसी ।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान के नए नोटिस उसे जारी किए हैं लेकिन उसने भारतीय जनता पार्टी को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले कर आतंकवाद (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है. पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए. आयकर विभाग के नए कदम को लोकसभा चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जो पहले ही धन की कमी का सामना कर रही है. माकन ने संवादादाताओं से कहा, कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नए नोटिस मिले हैं. पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं. उनके मुताबिक, इन 1823 करोड़ रुपये में से 53.9 करोड़ रुपये की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर की गई है जब सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे. माकन की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 के लिए 181.99 करोड़ रुपये, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़ रुपये, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ रुपये तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं. उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है. माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया, आयकर विभाग के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर भाजपा को छूट दी जा रही है. कांग्रेस का 14 लाख रुपए का वायलेशन बताकर भाजपा के आयकर विभाग ने कांग्रेस के 135 करोड़ रुपए ले लिए. लेकिन भाजपा को 42 करोड़ रुपये का चंदा देने वालों का न कोई नाम है, न कोई पता है, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की. माकन का कहना था, आयकर विभाग ने भाजपा के 42 करोड़ रुपये से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर तो आंख पर पट्टी बांध ली, लेकिन कांग्रेस के 14 लाख रुपये जो कि हमारे 23 नेताओं ने दिए हैं, जिनके नाम और पते भी हैं, उसके आधार पर हमारे 135 करोड़ रुपये छीन लिए. उन्होंने कहा कि भाजपा से 4617 करोड़ रुपये वसूले जाने चाहिए. माकन का कहना था कि वह इस मामले में अदालत में जनहित याचिका दायर करने के बारे में भी विचार कर रहे हैं. रमेश ने दावा किया, पूरे देश को पता चल गया है कि चुनावी बॉण्ड घोटाले से भाजपा ने करीब 8,250 करोड़ रुपये चंदा इकट्ठा किया है...भाजपा सरकार अलग-अलग तरीके से लगातार विपक्षी पार्टी को कमजोर करने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा, हम डरने वाले नहीं हैं. अपना चुनाव अभियान जारी रखेंगे। जो लोग डराने की कोशिश कर रहे हैं वो खुद डरे हुए हैं. आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को फ्रीज करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है. पार्टी को मामले में उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है और वह जल्द ही उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी. पार्टी ने भाजपा पर 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से पंगु बनाने और उसके खिलाफ कर अधिकारियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है.

## शेख शाहजहां पर अब ईडी कसेगा शिकंजा, पूछताछ के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी एजेंसी

कोलकाता । 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख शाहजहां से पूछताछ करने की अनुमति के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की जिला अदालत का दरवाजा खटखटाएगा। बता दें कि शेख शाहजहां 6 मार्च से ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में है और उसको बशीरहाट की निचली अदालत ने नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सूत्रों की मानें तो ईडी पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में शेख शाहजहां से पूछताछ की अनुमति के लिए शनिवार को जिला अदालत का रुख करेगी। इसके साथ ही सूत्रों ने जानकारी दी कि ईडी अधिकारी शेख शाहजहां से अधिक विस्तृत और गहन पूछताछ के लिए अगले सप्ताह कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत का भी दरवाजा खटखटाएंगे। सूत्रों ने बताया कि ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के सिलसिले में सीबीआई के अधिकारी शेख शाहजहां से लंबे समय से पूछताछ कर रहे थे। हालांकि, ईडी के अधिकारियों को राशन वितरण मामले में उनसे पूछताछ करने का एक बार भी मौका नहीं मिला, इसलिए उनके अधिकारियों को लगता है कि मामले में केंद्रीय एजेंसी की जांच को आगे बढ़ाने के लिए उनसे पूछताछ करने का यह सही समय है। वास्तव में, ईडी और उनके साथ आए सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को शेख शाहजहां के सहयोगियों द्वारा संदेशखली में हमला किया गया था, जब केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने राशन-वितरण मामले में उनके आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान की कोशिश की थी। ईडी पहले ही शेख शाहजहां की 13 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है। गुरुवार को सीबीआई की तरफ से पेश हुए वकील ने बशीरहाट की जिला अदालत को बताया कि शेख शाहजहां ने 5 जनवरी को ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले को अंजाम देने के लिए फोन पर स्थानीय असामाजिक तत्वों को बुलाया था। सुनवाई के दौरान, सीबीआई के वकील ने दो व्यक्तियों-जियाउद्दीन मोल्ला और दीदारबक्स मोल्ला- का नाम लिया, जिनके साथ शाहजहां ने 5 जनवरी को हमले से पहले बातचीत की थी।

## बीजेपी-आरएलडी का गठबंधन हुआ पर नहीं थम रही खींचतान

**बागपत,एजेंसी ।** रालोद का भाजपा के साथ गठबंधन होने के बाद भी स्थानीय स्तर पर नेताओं में खूब खींचतान हो रही है। बागपत में जहां संयुक्त बैठक में मोदी व योगी की जय नहीं बोलने पर हंगामा हुआ तो वहीं अब तिलवाड़ा गांव में रालोद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता को पीट दिया। जिससे वहां हंगामा हो गया और भाजपा के लोकसभा प्रभारी व जिलाध्यक्ष को स्थिति संभालनी पड़ी। छपरौली क्षेत्र के तिलवाड़ा गांव में बृहस्पतिवार देर शाम को रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान का संपर्क कार्यक्रम था। जहां छपरौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता भी मौजूद थे, जो डॉ. राजकुमार सांगवान को अपने घर चाय पर लेकर जाने के लिए कहने लगे। वहां कई रालोद कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई। इसे लेकर भाजपा नेता व रालोद कार्यकर्ताओं में कहासुनी होने लगी। इसके बाद रालोद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता को पीटना शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देखकर डॉ. राजकुमार सांगवान वहां से चले गए।

वहीं, अन्य लोगों ने किसी तरह उनका बीच बचाव कराया। बाद में इसका पता चलने पर भाजपा कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और हंगामा होने लगा। भाजपा के लोकसभा प्रभारी अशोक नागर, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय समेत अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे और छपरौली थाना पुलिस को सूचना देकर वहां बुलाया गया। वहां जिलाध्यक्ष के साथ भी रालोद कार्यकर्ताओं की नोकझोंक होने लगी तो किसी तरह मामला शांत कराया गया।

तिलवाड़ा में सांगवान आए हुए थे। जहां भाजपा नेता प्रत्याशी को अपने घर लेकर जाने की बात कहने लगे। उसको लेकर कहासुनी हो गई और रालोद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता के साथ मारपीट की। मैं इस बात को ऊपर तक बताऊंगा। - वेदपाल उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भाजपा तिलवाड़ा में मारपीट की सूचना मिली थी। जिससे वहां पुलिस पहुंची थी। वहां पता चला कि मारपीट नहीं हुई है और नोकझोंक हुई थी। इसमें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली थी। - कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी छपरौली

## बसपा विधायक राजू पाल के हत्यारों को उम्रकैद की सजा, 19 साल पहले दिनदहाड़े की गई थी हत्या

**लखनऊ एजेंसी ।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के सात दोषियों को सीबीआई लखनऊ की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन दोषियों में माफिया अतीक अहमद के तीन शॉर्प शूटर फरहान, आबिद और अब्दुल कवि भी शामिल हैं। इसके अलावा जावेद, इसरार, रंजीत पाल और गुल हसन को भी कोर्ट ने सजा सुनाई है। इनमें 6 को उम्रकैद और एक को 4 साल की सजा सुनाई गई है।

हत्याकांड के दो दोषियों माफिया अतीक अहमद और अशरफ की मौत हो चुकी है। साल 2004 में राजू पाल बीएसपी के टिकट से विधायक चुने गए थे, उस चुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी और अतीक अहमद का भाई अशरफ हार गया था। नतीजों के 3 महीने के अंदर ही 25 जनवरी 2005 को अतीक गैंग ने राजू पाल पर हमला करके उनकी हत्या कर दी थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान शव से 19 गोलियां निकलीं थी।

# पोस्टल से वोट देंगे आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मी

पौड़ी (संवाददाता)। आवश्यक सेवाओं के वोटरों के लिए पोस्टल वैलेट से मतदान करने की व्यवस्थाएं की जा रही है। वे सभी कार्मिक जो अपने बूथों पर ड्यूटी के कारण वोट देने नहीं जा पाएंगे, उनके लिए पोस्टल वैलेट से वोटिंग के लिए पोस्टल वैलेट मतदान केंद्र बनाएं जाएंगे। आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत स्वास्थ्य, रोडवेज, पुलिस आदि सहित कुल दस सेवाओं में तैनात कार्मिकों को यह सुविधा दी जानी है।

पौड़ी जिले में अभी तक स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में तैनात ११५ कार्मिकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। पोस्टल वैलेट के सहायक नोडल अफसर अमरेंद्र चौधरी ने बताया कि विधानसभा वार इन कार्मिकों की सूची बना ली गई है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से कुल ७४ कार्मिक ऐसे है जो अपने बूथ पर पोलिंग के दिन वोट देने नहीं जा पा रहे है। इसमें सबसे अधिक कोटद्वार विधानसभा के ३३ वोटर है। इसी तरह से श्रीनगर विधानसभा के १९, चौबट्टाखाल विधानसभा से ९, लैंसडौंन से ६ और पौड़ी विधानसभा से ३ वोटर है। वहीं उत्तराखंड परिवहन विभाग से ऐसे मतदाताओं की संख्या ४१ है। जिसमें कोटद्वार विधानसभा से सर्वाधिक २५, लैंसडौंन से ८, श्रीनगर से ४, यमकेश्वर से ३ वोटर के साथ ही चौबट्टाखाल विध ानसभा से १ वोटर है। नोडल अफसर के मुताबिक अभी पुलिस, पीआरडी और होमगार्ड में तैनात ऐसे कार्मिकों की सूची भी बनाई जा रही है, ताकि उन्हें भी पोस्टल से वोटिंग की सुविधा दी जा सके।

# सहारपुर पैसेंजर ट्रेन रही रद, दो ट्रेनें हरिद्वार तक आई

देहरादून (संवाददाता)। रायवाला-कांसरो के बीच रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के चलते दून आने और यहां से जाने वाली चार ट्रेनें प्रभावित रहीं। देहरादून-सहारनपुर पैसेंजर रद रही। लाहौरी और राप्तीगंगा एक्सप्रेस हरिद्वार तक आई और वहीं से वापस लौटी। जबकि शताब्दी एक्सप्रेस एक घंटे देरी से देहरादून पहुंची। देहरादून से भी इस ट्रेन को एक देरी से रवाना किया गया।

ट्रेनों के प्रभावित रहने से रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डिप्टी स्टेशन अधीक्षक पंकज वर्मा ने बताया कि गुरुवार को कांसरो-रायवाला के बीच ट्रैक पर कुछ काम हुआ। काम के लिए देहरादून और ऋषिकेश की ट्रेनें प्रभावित रही हैं। देहरादून से सहारनपुर और सहारनपुर से देहरादून आने वाली पैसेंजर ट्रेन रद रही। अमृतसर से आने वाली लाहौरी और गोरखपुर से आने वाली राप्तीगंगा हरिद्वार तक आई और वहीं से वापस रवाना हुई। बताया कि दिल्ली से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को एक घंटे तक रायवाला स्टेशन पर रोका गया। देहरादून से भी ट्रेन एक घंटे देरी से दिल्ली के लिए रवाना हुई।

## भत्ता नहीं मिला तो नहीं देंगे वोट

पौड़ी। कोट ब्लॉक की रामपुर पट्टी के गांव मुतन्या कांडी के ग्रामीणों ने पुनर्स्थापन भत्ता अब तक नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई है। साथ ही दो दिनों के भीतर इस भत्ते को देने की मांग की है।

डीएम को सौंपे एक पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता तो वह लोकसभा चुनावों में वोट नहीं देंगे। ग्रामीण नरेश चमोला के मुताबिक इस बाबत सारी कार्रवाई पूरी हो गई है। आवश्यक दस्तावेज भी जमा हो गए है। लेकिन नियमानुसार अभी तक भत्ता देने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। यह भत्ता सभी चिह्नित परिवारों को दिया जाना है।

# नन्हें हाथों को थामकर उन्हें भिक्षावृत्ति से दूर शिक्षा की ओर ले जाती दून पुलिस

देहरादून (संवाददाता)। एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून द्वारा "ऑपरेशन मुक्ति" अभियान के तहत आम जनता को जागरूक करने के लिये जन जागरुकता रैली निकाल कर बच्चों को भिक्षावृति एवं नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराकर शिक्षा की ओर अग्रसर करने हेतु जागरूक किया गया।

"ऑपरेशन मुक्ति" अभियान (भिक्षा नहीं शिक्षा दे) के सफल क्रियान्वयन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक डोईवाला (नोडल अधिकारी ऑपरेशन मुक्ति ) एवं प्रभारी एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून के नेतृत्व में आज दिनांक २८.०३.२०२४ को जनजागरूकता रैली निकाली गयी। पुलिस लाइन देहरादून से रेसकोर्स क्षेत्र में निकाली गई रैली के दौरान "ऑपरेशन मुक्ति" (भिक्षा नहीं शिक्षा दे) के तहत बाल भिक्षावृत्ति/बाल श्रम की रोकथाम एवं ऐसे बच्चे जो भीख मांगने, कूड़ा बीनने एवं नशे की प्रवृत्ति आदि में लिप्त हैं, को भिक्षा एवं नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराकर शिक्षा की ओर अग्रसर करने एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की प्रभावी




रोकथाम के लिए आमजन को प्रेरित किया गया।

जन जागरुकता रैली के दौरान आम जनता से बच्चों को भिक्षा न देने, नाबालिग बच्चों को घरेलू कार्यों व प्रतिष्ठानों पर काम में न लगाए जाने के एवं बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराने के साथ ही बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी, साथ ही एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा चाइल्ड हेल्प लाईन के साथ मिलकर रेसकोर्स देहरादून में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चों को लिये शिक्षा के महत्व को समझाते हुऐ उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिये आमजन को जागरुक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य तौर पर करने के लिए आमजन को जागरूक किया गया।

जनजारुकता रैली में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन देहरादून व उनकी टीम, एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, चाइल्ड हेल्प लाईन, पुलिस लाईन देहरादून में प्रशिक्षणाधीन वायरलैस प्रशिक्षु, चुनाव सैल की टीम एवं कतिपय एन०जी०ओ० के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र नवाजे

नई टिहरी (संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज उनियालसारी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर होनहारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा ९ के बादल गुप्ता ने ९६.०६ प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने रिजल्ट घोषित करते हुए बताया कि कक्षा ६ में रजत राणा प्रथम, आरुषी नकोटी द्वितीय, और मीनाक्षी पंवार तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा ७ में आरुषी प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और शीतल सेमवाल तृतीय रहीं। कक्षा ८ में सृष्टि नेगी प्रथम, आस्था कोठारी द्वितीय और श्रुति नेगी तृतीय रहीं। कक्षा ९ में बादल गुप्ता प्रथम, आदर्श सकलानी द्वितीय और लक्की सहदेव तृतीय रहे। कक्षा ११ में आर्ची पुंडीर प्रथम, मनीषा नेगी द्वितीय और प्रशांत डोभाल तृतीय रहे। कक्षाओं में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय में पहुंचे अतिथियों ने पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला प्रचारक गौरव, जय सिंह नेगी, अतर सिंह तोमर, तिलकराम चमोली, कृष्ण प्रसाद कोठारी, विकास रावत, चंद्रशेखर तिवाड़ी, ऋषि राम भट्ट, महावीर, केशवानंद, ज्योति राणा, लक्ष्मी, सुष्मिता आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ में दिन भर छाए रहे बादल

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिले में कई दिनों से मौसम बदला हुआ है। कभी तेज ध ूप तो कभी आसमान में बादल छाए हैं। गुरुवार को मुख्यालय सहित अधिकांश कस्बों में आसमान में हल्के बादल आने से धूप-छांव रही। जबकि केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ आदि ऊंचाई वाले स्थानों पर सुबह से ही आसमान में गहरे बादल छाए रहे जो देर शाम हल्की बारिश में भी तब्दील होते रहे। हालांकि तेज बारिश कहीं भी नहीं हुई है। ऊंचाई वाले स्थानों पर शाम होते ही हल्की बूंदा-बांदी एवं हवाएं चलती रही। वहीं केदारनाथ धाम में मौसम खराब होने से बर्फ हटा रहे मजदूरों को ठंड का सामना करना पड़ा।

## मां चंडिका के ग्वैफड़ आगमन की तैयारियों में जुटी महिलाएं

रुद्रप्रयाग। नारी की चंडिका देवी इन दिनों धनपुर पट्टी के गांवों का भ्रमण कर रही है। जिसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में उत्साह है। शुक्रवार को देवी के ग्वैफड़ गांव आगमन को लेकर गांव की महिलाओं ने रास्तों की सफाई की ताकि देवी के आगमन में किसी तरह की परेशानियां न हों। गुरुवार को ग्वैफड़ गांव की महिलाओं ने बड़ी संख्या में गांव पहुंचने के सभी रास्तों की सफाई की। महिलाओं ने निष्ठा, समर्पण और भक्ति भाव से श्रमदान करते हुए रास्तों की सफाई की। वहीं देवी के आगमन को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने बताया कि चंडिका देवी धनपुर के गांवों का भ्रमण कर रही है। मां के गांव आगमन को लेकर माहौल भक्तिमय बना है। शुक्रवार को देवी गांव में ही रात्रि विश्राम करेंगी। रात में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। इधर, गांव की महिलाओं ने रास्तों में चलाए गए सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर बासंती देवी, सुषमा देवी, अम्बी देवी, विशाली देवी, वीरा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## होली एंजिल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल। होली एंजिल स्कूल देवली कीर्तिनगर में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग कीर्तिनगर द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोरवस्था दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्रों की काउंसिलिंग की गई। जिसमें दिव्यांशी सेमल्टी प्रथम, अनिकेत बड़ोनी द्वितीय, अभिषेक पुंडीर तृतीय रहे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग कीर्तिनगर के शकीर अहमद और प्रमिला बिष्ट ने छात्रों को किशोरावस्था से संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजय प्रकाश जोशी, कुलदीप कुमार, विजय लक्ष्मी, सुधा बिष्ट, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## डंपर दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर-खिर्सू मोटरमार्ग पर उज्जवलपुर के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर १५० मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनगर से खिर्सू की ओर जा रहा एक डंपर उज्जवलपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन गिरने की आवाज आने पर आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी सुनील रावत ने बताया कि देर शाम श्रीनगर-खिर्सू मोटरमार्ग पर एक डंपर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर नन्हे (४८) पुत्र बन्ने निवासी मिर्जापुर फैज नगर भुट्टा फरीदपुर बरेली उत्तर प्रदेश का शव १०८ के माध्यम से बेस अस्पताल श्रीकोट की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## 80 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरिद्वार। श्यामपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों से अस्सी लीटर कच्ची शराब बरामद की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि टांटवाला निवासी श्याम सिंह को करीब ४० लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी पुल के नीचे रहने वाले झोपड़ पट्टी के मजदूरों को शराब की सप्लाई करता था। एक अन्य मामले में चंडीपुल के नीचे शमशान घाट के पास कच्ची शराब के साथ चंडी घाट निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया।

# कांग्रेस पार्टी "मेरे विकास का दो हिसाब" अभियान के माध्यम से मांगेगी भाजपा से 10 साल के विकास का हिसाब: मथुरादत्त जोशी

**देहरादून ( संवाददाता )।** कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में "मेरे विकास का दो हिसाब" की शुरूआत करते हुए कैंपेन चलाते हुए केन्द्र की मोदी सरकार से 10 साल के विकास का हिसाब मांगा है। कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रशासन एवं संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिये "मेरे विकास का दो हिसाब" कैंपेन लॉंच कर पूरे चुनाव को फिर से जनता के मुद्दों की ओर मोड़ते हुए भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों से विकास का हिसाब मांगा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता प्रत्येक चुनाव मे विकास के मुद्दों की बजाय भावनात्मक मुद्दे बदल-बदल कर हवा-हवाई चुनाव लड़कर बाहर निकलना चाह रही है वहीं कांग्रेस पार्टी ने देश के विकास व जनहित से जुड़े मुद्दे उठाकर भारतीय जनता पार्टी पर जनता की ओर से सवालों की बौछार करने का निर्णय लिया है। मथुरादत्त जोशी ने कह कि आज पहली बार भारतीय जनता पार्टी चारों तरफ से घिर चुकी है तथा जनता के ज्वलंत सवालों



से बचने का रास्ता खोजती नज़र आ रही है। उन्होंने कहा कि अब जनता भारतीय जनता पार्टी की जुमलेबाजी से अजीज आ चुकी है तथा जनहित से जुड़े मुद्दों तथा विकास पर हिसाब चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह कैंपेन केवल सोशल मीडिया तक नहीं बल्कि सोशल, डिजिटल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी मज़बूती से चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जनहित से जुड़े सवालों का कोई जवाब नहीं है क्यों कि पिछले 10 सालों में भाजपा कभी कालाधन वापस लायेंगे, कभी 15-15 लाख देंगे तो कभी 2 करोड़ नौकरी देंगे जैसे जुमलों पर जनता को भ्रमित करती आई है परन्तु इस लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के झूठे वादों, जुमलेबाजी तथा झांसों में आने वाली नहीं है। मथुरादत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कैंपेन के ज़रिए अपनी नीतियों के माध्यम से किसान, युवा, बेरोजगार, महिला, व्यापारी और छात्र जैसे कई महत्वपूर्ण वर्गों की आवाज़ उठाकर पूरे चुनाव अभियान को ''भाजपा बनाम जनता'' करने में सफलता हासिल की है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने जिन मुद्दों पर जनता के बीच जाने का फैसला लिया है उसके तहत 'मेरे विकास का दो हिसाब' दो अभियान के माध्यम से भाजपा से सवाल किये हैं कि देश के कुल बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा क्यों हैं? सालाना 2 करोड़ नौकरियां कहां हैं? देश में 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों होता है? कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ माफ हो गया लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? किसानों की आय दोगुनी कब होगी? किसानों को एमएसपी कब मिलेगी? 'जातिगत जनगणना और भागीदारी'- देश के संस्थानों विभागों और संसाधानों में हमारे दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब सवर्णों की उचित भागीदारी क्यों नहीं है? महंगाई आज चरम पर क्यों है? घर चलाना मुश्किल क्यों है? आम लोग अपना परिवार क्यों नहीं चला पा रहे हैं? महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को संरक्षण देना कब बंद होगा? मथुरादत्त जोशी ने यह भी कहा प्रत्येक चुनाव में झूठे वादों, जुमलेबाजी तथा बदल-बदल कर जनता को भ्रमित करने वाले मुद्दों की देश की जनता इन सवालों के माध्यम से भाजपा के अबकी बार चार सौ के पार नारे की हवा निकालने जा रही है।

## खुलासा-शराब तस्करी का विरोध करने पर हुई थी युवक की हत्या, एक गिरफ्तार

**चम्पावत ( संवाददाता )।** होली पर्व के दौरान गला घोटकर हुई युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त मफलर भी बरामद किया गया है। हत्या का कारण शराब तस्करी का विरोध करना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 27 मार्च को थाना पाटी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मंगललेख में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो उस शव की पहचान ग्राम मंगललेख निवासी पान सिंह बिष्ट पुत्र कैलाश सिंह बिष्ट, उम्र लगभग 25 वर्ष के रूप में हुई। जिसके गले पर कुछ निशान पाये गये थे। मामले में कुन्दन सिंह पुत्र गंगा सिह निवासी ग्राम मंगललेख ने थाना पाटी में मुकदमा दर्ज कराया कि उनके भतीजे मृतक पान सिंह की हत्या 26 मार्च की रात भगवान सिंह पुत्र मदन सिह तथा कृष्ण सिंह पुत्र मदन सिंह, निवासी ग्राम मंगललेख, थाना पाटी द्वारा की गयी है। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बीती रात संदिग्ध भगवान सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी ग्राम मंगललेख से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि उसने ही मृतक पान सिंह की 26 मार्च की रात मफलर से गला घोटकर हत्या की गयी है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त मफलर उसके घर से बरामद कर लिया। हत्या किये जाने का कारण पूछने पर आरोपी भगवान सिंह ने बताया कि वह ग्राम मंगललेख में अवैध शराब का कारोबार करता है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है। जिसका विरोध मृतक पान सिंह व उसका भाई प्रमोद पूर्व से ही करते रहते थे। जिस कारण मैं उनसे रंजिश रखने लगा जिस कारण उनमें रंजिश रहने लगी।

## केजरीवाल ने तानाशाही ताकतों को ललकारा : सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति के रोम रोम में देशभक्ति है और उन्होंने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है।



सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि गुरुवार को श्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरे देश ने सुना। अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त हैं। बिल्कुल ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी भी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी हुई है। अरविंद केजरीवाल ने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई-अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई-अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। सुनीता केजरीवाल ने दो वाट्सएप नंबर 8297324624 और 9700297002 जारी किया। उन्होंने कहा कि आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं।

इस अभियान का नाम 'केजरीवाल को आशीर्वाद' है। इस वाट्सएप नंबर पर श्री अरविंद केजरीवाल को आप अपना आशीर्वाद, शुभकामनाएं, दुआएं व प्रार्थना भेज सकते हैं। अगर कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं। दिल्ली में कई माताओं ने तो अपने बेटे के लिए मन्नत मांगी है। कई बहनों ने भी अपने भाई के लिए मन्नत मांगी है। वह भी दिए गए वाट्सएप नंबर पर लिखकर अपना संदेश भेजें। उन्होंने कहा कि आपको संदेश भेजने के लिए आप का सदस्य होने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी पार्टी से हों या नहीं हों, आप श्री अरविंद केजरीवाल को संदेश जरूर भेजें। सभी युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, अमीर-गरीब सब लोग अपने भाई- अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को कुछ न कुछ लिखकर जरूर भेजें।

## निर्वाचक नामावली को अंतिम रूप दिया जा चुका: एसीईओ

### राज्य में 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**देहरादून ( सू.का )।** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि राज्य में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 निर्वाचक नामावली को अंतिम रूप दिया जा चुका है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के समय राज्य में 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता दर्ज हैं।



इसमें 43 लाख 17 हजार 579 पुरुष मतदाता और 40 लाख 20 हजार 38 महिला मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की 297 हैं। राज्य में सर्विस वोटरों की संख्या 93 हजार 187 जिसमें 90 हजार 554 पुरुष सर्विस वोटर और 2633 महिला सर्विस वोटर हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य में कुल 11 हजार 729 पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं। इसमें 12 पोलिंग पार्टियां मतदान से तीन दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेगी। इसमें 11 पोलिंग स्टेशन उत्तरकाशी जनपद में और 01 पोलिंग स्टेशन पिथौरागढ़ जनपद में चिन्हित किया गया है। 705 पोलिंग पार्टियां मतदान से दो दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेगी और 11 हजार 12 पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेगी। मतदान से दो दिन पूर्व प्रस्थान करने वाली सर्वाधिक पौड़ी जनपद में 181 और अल्मोड़ा जनपद में 136 पोलिंग पार्टियां हैं।

# कमर दर्द में राहत दिलाने के साथ ही कई फायदे पहुंचाता हैं त्रिकोणासन, जानें इनके बारे में



अपने यह तो सुना ही होगा कि पहला सुख, निरोगी काया अर्थात जिस व्यक्ति का शरीर बीमारियों से दूर हैं वह हमेशा खुशियों से भरा रहता हैं। इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में अच्छा खानपान रखने के साथ ही व्यायाम को भी शामिल करना चाहिए। खासतौर पर भारत में योग का विशेष महत्व है। योगासन का नियमित अभ्यास शरीर को कई तरीके से लाभ पहुंचाने का काम कर सकता है। आज इस कड़ी में हम बात करने जा रहे हैं त्रिकोणासान की जो कमर दर्द में राहत दिलाने के साथ ही कई फायदे पहुंचाता हैं। हम आपको त्रिकोणासन के फायदे और इसे करने का सही तरीका बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं त्रिकोणासान के बारे में...

### क्या है त्रिकोणासन

त्रिकोणासन खड़े होकर करने वाला एक महत्वपूर्ण आसन है। 'त्रिकोण' का अर्थ होता है, त्रिभुज और आसन का अर्थ योग है। इसका मतलब यह हुआ कि इस आसन में शरीर त्रिकोण की आकृति का हो जाता है, इसीलिए इसका नाम त्रिकोणासन रखा गया है। त्रिकोणासन योग कमर दर्द को कम करने के लिए एक अतिउत्तम योगाभ्यास है। यह मोटापा घटाने के साथ साथ मधुमेह को काबू करने में बड़ी भूमिका निभाता है।

### कैसे करते हैं त्रिकोणासन

सबसे पहले पैरों के बीच करीब 3-4 फीट की दूरी बनाकर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपने दाहिने पैर को बाहर की ओर मोड़ें और जैसे ही आप सांस छोड़ते हैं, अपने शरीर को दाईं ओर मोड़ें। आपका बायां हाथ एक साथ ऊपर और दाहिने हाथ से फर्श को छुएं। दोनों हाथ एक सीध में होने चाहिए। इस पोजीशन में 15 सेकेंड तक रहें। श्वास लेते हुए वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं। दूसरी तरफ भी यही दोहराएं। आइये जानते हैं त्रिकोणासन के फायदों के बारे में।

### पेट की चर्बी कम करने में सहायक

गलत खानपान और कम शारिरिक गतिविधि के कारण पेट की बढ़ती चर्बी आज की तारीख में सबसे बड़ी समस्या बनकर उभर रही हैं। ऐसे में पेट की चर्बी कम करने के लिए त्रिकोणासन का अभ्यास बेहद फायदेमंद हो सकता हैं। सही खानपान के साथ अगर त्रिकोणासन का नियमित अभ्यास किया जाए तो आप आसानी से पेट की बढ़ती चर्बी पर काबू पा सकते हैं।

### कमर दर्द से दिलाए राहत

त्रिकोणासन के नियमित अभ्यास से आप कमर दर्द की परेशानी को दूर कर सकते हैं। इस योग के अभ्यास से शरीर को लचीला बनाया जा सकता है। साथ ही यह योग कमर दर्द से राहत देने में असरदार हो सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ त्रिकोणासन करने से कमर दर्द को कम नहीं किया जा सकता है।

### पाचन क्रिया सुधारने में सहायक

पाचन तंत्र के लिए भी त्रिकोणासन के फायदे अच्छे हैं। पाचन तंत्र का खराब रहना, शरीर में कई समश्याओं को बढ़ावा देता हैं। पाचन क्रिया में खराबी के कारण भोजन से प्राप्त पोषक तत्व भी शरीर को सही से प्राप्त नहीं हो पाते हैं और पेट की समश्याएं भी बनी रहती हैं। ऐसे में आप त्रिकोणासन के अभ्यास से पाचन क्रिया को दुरूस्त रख सकते हैं और रोगों से शरीर की रक्षा कर सकते हैं।

### तनाव और चिंता करे कम

त्रिकोणासन योग नियमित रूप से करने से आप स्ट्रेस और चिंता विकृति को कम कर सकते हैं। दरअसल, यह योग आपकी नींद में सुधार करके आपके मूड को बेहतर कर सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित होता है। ऐसे में इस योग के नियमित अभ्यास से आप चिंता और तनाव को कम कर सकते हैं।

### मेटाबॉलिस्म सुधारने में सहायक

त्रिकोणासन के अभ्यास से मेटाबॉलिस्म भी सही से कार्य करता हैं। मेटाबॉलिस्म के बूस्ट होने से मोटापा कम करने में मदद मिलती हैं और शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति भी प्राप्त होती हैं। बढ़ती उम्र, गलत खानपान और कम शारीरिक गतिविधि के कारण मेटाबॉलिस्म स्लो पड़ने लगता हैं, ऐसे में मेटाबॉलिस्म को बूस्ट करने के लिए योग एक अच्छा जरिया हैं।

### मांसपेशियों को करे मजबूत

त्रिकोणासन का नियमित अभ्यास करने से आप अपनी मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं। इस योग से आपकी मांसपेशियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह आसन आपके कूल्हों और जांघ की जकड़न को कम कर सकता है। साथ ही इस आसन से आपकी बॉडी पोस्चर सही हो सकती है। त्रिकोणासन आपके ट्रंक और थाई मसल्स के लिए काफी अच्छा फिजिकल थेरेपी हो सकता है।

शरीर की ऊर्जा बढ़ाने में सहायक

योग करने का सबसे बड़ा लाभ यह हैं कि इससे शरीर का आलस और ढीलापन दूर होता हैं और शरीर मे ऊर्जा का विकास होता हैं। त्रिकोणासन भी शरीर मे एनर्जी व स्टैमिना बढ़ाने के लिए काफी उपयोगी हैं, त्रिकोणासन के अभ्यास के बाद आपको इसका अहसास अवश्य देखने को मिलेगा।

### फेफड़ों को करे मजबूत

फेफड़ों की मजबूती के लिए त्रिकोणासन लाभकारी होता है। दरअसल, इस योग के अभ्यास में अधिक से अधिक ऑक्सीजन लिया जाता है, जिसमें लंग्स की भी एक्सरसाइज होती है। ऐसे में यह आपके फेफड़ों की मजबूती के बढ़ाता है।

# बेक्रफास्ट से जुड़ी ये गलतियां स्वास्थ्य को पहुंचा सकती हैं नुकसान



ब्रेकफास्ट दिन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आहार है। हालांकि, व्यस्तता के कारण कुछ लोग ब्रेकफास्ट ही नहीं करते हैं और जो लोग ब्रेकफास्ट करते हैं वो अक्सर गलत तरीके से खान-पान की चीजों का सेवन करते हैं, जिसका सीधा नकारात्मक प्रभाव सेहत पर पड़ता है। आइए आज हम आपको ब्रेकफास्ट से जुड़ी पांच ऐसे गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

**ब्रेकफास्ट को नजरअंदाज करना**-अगर आप किसी भी वजह से ब्रेकफास्ट को नजरअंदाज कर देते हैं तो यही सबसे बड़ी गलती है। ब्रेकफास्ट पूरे दिन का सबसे जरूरी आहार होता है। ब्रेकफास्ट करने से मेटाबॉलिज्म शुरू होता है और पूरे दिन की ऊर्जा मिलती है। हालांकि, अगर आप इसे नजरअंदाज करते हैं तो इससे आप कई गंभीर बीमारियों से घिर सकते हैं। इसलिए किसी भी हाल में ब्रेकफास्ट करना न छोड़े।

**मीठी चीजों का सेवन**-अगर आप ब्रेकफास्ट में मीठी चीजें खाते हैं तो आज से ही बंद कर दें क्योंकि यह भी एक गलती है। कुछ लोग सीरिअल्स, पैनकेक, डोनट्स, टार्ट्स आदि का सेवन ब्रेकफास्ट में करने लगे हैं, लेकिन ये चीजें उच्च चीनी से युक्त होती हैं, जो न सिर्फ आपके रक्त शर्करा और इंसुलिन के स्तर को अनियंत्रित कर सकती हैं बल्कि वजन के बढ़ने का भी कारण बन सकती हैं।

**गलत जूस का सेवन करना**-जूस का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है, लेकिन ध्यान रखें कि यह घर में बना होना चाहिए। इससे हमारा मतलब है कि जूस के सेवन के लिए पैकेज्ड जूस का सेवन करना गलत है क्योंकि इनमें से अधिकतर अधिक चीनी, आर्टिफिशियल रंग और आर्टिफिशियल स्वाद से युक्त होते हैं, इसलिए इनका सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। हमेशा घर में बना बिना चीनी का जूस पीएं।

**अधिक कार्बोहाइड्रेट का सेवन**-कार्बोहाइड्रेट स्वस्थ होते हैं, लेकिन सिंपल वाले नहीं। कार्बोहाइड्रेट दो तरह (सिंपल और कॉम्प्लेक्स) के होते हैं और इनमें से ब्रेकफास्ट में सिंपल कार्बोहाइड्रेट वाली चीजें खाने से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, बहुत अधिक कार्बोहाइड्रेट खाने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है। यह वजन बढ़ाने से लेकर मधुमेह जैसी समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है।

### संतुलन की कमी

अगर आपका पूरा ध्यान सिर्फ एक पोषक तत्व लेने पर होता है तो यह भी एक गलती है। इसलिए आप सिर्फ एक पोषक तत्व पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय सभी पोषक तत्वों की संतुलन मात्रा लेने पर ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि आपकी डाइट में कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट, स्वस्थ वसा, फाइबर और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व जरूर हों। इन सभी पोषक तत्वों से युक्त ब्रेकफास्ट स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

# डंपिंग ग्राउंड में लगी आग, दो घंटे बाद आग पर काबू पाया

**ऋषिकेश ( संवाददाता )।** गोविंद नगर स्थित डंपिंग ग्राउंड में फिर से संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने का मामला सामने आया है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। फिलहाल कचरे के ढेर से अभी भी धुंआ उठता हुआ देखा जा रहा है। आग की लपटें देख डंपिंग ग्राउंड के आसपास रहने वाले झुग्गी झोपडी के लोगों में हड़कंप मच गया। अपनी जान बचाने के लिए लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया।

फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद कचरे के ढेर से उठ रही आग की लपटों को काबू किया। जिससे डंपिंग ग्राउंड के आसपास में बनी झुग्गी झोपड़ी जलने से बच गई। देर रात लगी इस आग की वजह से अभी तक कचरे के ढेर से धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। यह धुआं हवा में घुलकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को सांस लेने सहित अन्य कई प्रकार की परेशानी हो रही है। डंपिंग ग्राउंड में पड़े कचरे में आग लगने का यह पहला मामला नहीं है। पहले भी अनेकों दफा कचरे के ढेर में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं। कचरे के ढेर में आग लगती है या कोई लगाता है, इस पर आज भी संशय बना हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी जगजीत सिंह ने बताया कि रात आग की लपटें देखकर हर कोई डर गया। प्रशासन को आग लगने की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

# DM-SP ने किया यमुनोत्री यात्रा रूट का निरीक्षण



उत्तरकाशी ( संवाददाता )। आगामी चारधाम यात्रा 2024 हेतु उत्तरकाशी जिला पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। गैर प्रांतो से श्री गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम व सरल बनाने के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। DM एवं SP द्वारा लगातार यात्रा रूट व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। कल 28.03.2024 को जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट एवं पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्री अर्पण यदुवंशी द्वारा यमुनोत्री मार्ग पर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को यात्रा के बेहतर प्रबंधन व समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तीर्थ पुरोहितों से यात्रा व्यवस्था को लेकर चर्चाङ्गपरिचर्चा की गयी। जिलाधिकारी उत्तरकाशी ने कहा कि सुगम यात्रा हेतु व्यवस्थाओं का कार्य तेजी से चल रहा है, पार्किंग्स, शौचालय, रेलिंग्स व अन्य सुविधाओं पर काम किया जा रहा है। यातायात व ट्रैफिक प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था के सम्बंध में भी अधिकारियों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और यात्रा को सुरक्षित और निरापद संपन्न कराने के लिए सभी विभागों व संगठन मिलकर काम कर रहे हैं। SP उत्तरकाशी द्वारा बताया गया की यमुनोत्री पैदल मार्ग पर जाम की समस्या से निपटने व क्राउड मैंनेजमेंट हेतु इस बार बेहतर प्रबंध किये जा रहे हैं, डंडी-कंडी व घोड़ा खच्चर के लिये एक बेहतर व्यवस्था बनायी जायेगी, दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यात्रा मार्ग पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं, सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन/पार्किंग की भी ठोस रणनीति बनाई जा रही है।

# मजबूत लोकतंत्र तभी बनेगा जब घर घर से वोट देंगे : डॉ सोनी



देहरादून ( संवाददाता )। प्रकृति के संदेश वाहक के रूप में कार्य कर रहे पर्यवरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने 19 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा सामान्य चुनाव में परिवार के हर सदस्य को वोट देने की अपील की उन्होंने मठियाण गांव, हटवाल गांव, लामकाण्डे व मरोड़ा के महिलाओं, पुरुषों व युवाओं से अपने शतप्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने को प्रेरित किया। डॉ सोनी ने कहा हम गांव के लोग हैं ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के चारे उन्हें चुगाने व खेतो का काम अपनी ध्याणी मजदूरी में लोग लगे रहते हैं। कहा जितना अपना दिनचर्या का कार्य जरूरी है उतना ही महत्वपूर्ण वोट देना हमारा कर्तव्य हैं। हमारा असली पहचान तभी हैं जब हम अपना वोट देकर मजबूत लोकतंत्र को बनाएंगे। मजबूत लोकतंत्र तभी बनेगा जब हम घर घर से अपना वोट देंगे। समाजसेवी हुकुम सिंह हटवाल ने सभी गांव के लोगो से अपना वोट देने की अपील की वही मलिका देवी ने कहा हम गांव के बहु बेटियों को आगे आना चाहिए और अपने वोट की एहमियत जाननी चाहिए। डॉ सोनी सर हमें लगातार वोट देने के लिए गांव के लोगो को जागरूक कर है हमारा भी दायित्व हैं कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र बनाएं। कार्यक्रम में नवीन भारती, महावीर सिंह धनोला, वीरसिंह राणा, राखी देवी, रीता देवी, आनंदी देवी एवं अन्य उपस्थित थे।

# एलएसएम कैंपस में दो दिवसीय वर्कशॉप संपन्न

पिथौरागढ़ ( संवाददाता )। एलएसएम कैंपस में भौतिक विज्ञान विभाग व उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) की ओर से आयोजित नेशनल वर्कशॉप ऑन रीसेंट ट्रेंड्स इन फिजिकल साइंस संपन्न हो गई है। दो दिन तक चले वर्कशॉप में छात्र-छात्राओं को वर्तमान फिजिकल साइंस में चल रही शोध चुनौतियों के बारे में बताया गया नगर के जीआईसी क्षेत्र स्थित कैंपस में हुए वर्कशॉप का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. शीतल भण्डारी और गोविंदी भंडारी ने किया। संचालिका डॉ. गरिमा पुनेठा ने बताया कि वर्कशॉप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को क्वांटम इनटैंगलमेंट, कम्प्यूटिंग, आर्टफिशल इन्टेलिजन्स, मशीन लर्निंग, सेंसर के उपयोग, गॉड पार्टिकल आदि के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रो. दया शंकर, प्रो. उषा कुलश्रेष्ठ, डॉ. नंदन सिंह बिष्ट, डॉ. मनोज, डॉ. निर्मल पुनेठा, दिनेश भट्ट मौजूद रहे। बाद में छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यहां कैंपस निदेशक डॉ. हेम चंद्र पांडेय, डॉ. डीके उपाध्याय, प्रो. सरोज वर्मा, प्रो. प्रेम लता पंत, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. मुकेश पांडे मौजूद रहे।

# शहादत का अपमान करने वाली कांग्रेस को अग्निवीर पर बोलने का नैतिक अधिकार नही : जोशी

## पहले जनरल खंडूरी को कमान, अब सैनिक पुत्र धामी विकसित उत्तराखंड मिशन में जुटे : जोशी



देहरादून ( संवाददाता )। भाजपा ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा, जो अपनी सरकारों में शहीद पार्थिव शरीर को काला कंबल व बक्से के साथ 15 पैसे के टिकट लगे पोस्टकार्ड पर घर भेजकर अपमान करते थे, वही आज अग्निवीर योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं ।जबकि मोदी जी सशक्त सेना एवं समृद्ध राष्ट्र के उद्देश्य से अग्निवीर योजना को आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा ने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जनरल खंडूरी को सीएम बनाकर सैनिकों का सम्मान किया और आज भी एक सैनिक पुत्र मुख्यमंत्री, राज्य को विकसित बनाने के लिए रात दिन एक किए है।

रिस्पना पुल स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश प्रवक्ता श्री सुरेश जोशी ने अग्निवीर योजना पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, उन्हे सेना से जुड़े मुद्दों पर प्रश्न करने का कोई नैतिक अधिकार नही है । उन्होंने आरोप लगाया कि यही कांग्रेस है जिनकी सरकारें शहीदों के पार्थिव शरीरों को काला कंबल एवं बक्से के साथ मात्र 25 पैसे के पोस्टकार्ड पर सूचना के साथ घर भेज कर इतिश्री कर लेते थे। आजादी के बाद 5 दशकों तक कांग्रेस की सरकारों ने देश के वीर जवानों की शहादत के साथ यह अपमान किया, साथ ही देश ने वह दौर भी देखा जब सीमावर्ती क्षेत्रों में सामरिक दृष्टि से हजारों हेक्टेयर जमीन दुश्मनों के लिए छोड़ दिए गए । सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार नही किया गया और सैनिकों को आधुनिक हथियारों एवं सुविधाओं के अभाव में अनावश्यक शहीद होने के लिए परिस्थितियों तैयार की गई। हमने इनके ऐसे रक्षा मंत्री भी देखे जिन्होंने संसद के मंच पर स्वीकारा कि हमने सीमाओं पर सामरिक महत्व की योजनाओं को आगे नहीं बढ़ाया क्योंकि दुश्मन देश से सीधे टकराव से बचना उनकी रणनीति है। वहीं देश में पहली बार, अटल जी की सरकार ने कारगिल युद्ध के समय से शहीदों के पार्थिव शरीर को ससम्मान उनके पैतृक निवास पहुंचाया । साथ ही पीड़ित परिवार को यथोचित आर्थिक मदद एवं उनकी सभी जरूरत को पूरा करने का काम किया। उन्होंने कहा, हमने दशकों से लंबित वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का काम किया, अत्याधुनिक हथियारों एवं सुरक्षा उपकरण को उपलब्ध कराकर सैनिकों के जीवन को सुरक्षित बनाने का काम किया, कमीशन के तोल मोल में हथियार नहीं खरीदने वाली सरकारों के मुकाबले आज देश हथियारों का बड़ा निर्यातक बन गया है। जोशी ने कहा, जहां तक सवाल है अग्नि वीर योजना का तो पीएम मोदी जी ने तमाम सैन्य अधिकारियों एवं रक्षा विशेषकों के साथ देश हित में इस योजना को लागू किया है। विशेषज्ञ एवं विश्वव्यापी अनुभवों को देखते हुए सशक्त सेना एवं श्रेष्ठ सैनिक बनाने के उद्देश्य से लागू यह योजना शक्तिशाली भारत की नींव रखने वाली है । जिसके माध्यम से युवाओं को सेना में नौकरियों के अधिक अवसर मिल रहे हैं, क्योंकि 25 फीसदी स्थाई नियुक्ति के अतिरिक्त 3 गुना अधिक युवाओं को 4 वर्ष तक सेवा के अवसर मिल रहे हैं । जो युवा सेना में सेवा देने के बाद समाज में वापस आएंगे वे आर्थिक रूप से मजबूत एवं स्किल्ड होंगे। जिनके लिए सरकारी, अर्द्ध सरकारी, सार्वजनिक उपक्रमों, कॉर्पोरेट समूह एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के असीमित अवसर इंतजार कर रहे हैं । इतना ही नहीं जागरूक, अनुशासित एवं समर्थ नागरिकों की एक वैकल्पिक सैन्य काडर का भी निर्माण हो रहा है, जो किसी भी विपरीत परिस्थिति में देश को मजबूती प्रदान करने में सक्षम होगा । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, सशक्त सेवा एवं समृद्ध राष्ट्र के स्वप्न को साकार करती मोदी जी की यह योजना कांग्रेस एवं उस तमाम विपक्ष के लिए समझाना मुश्किल है जो हमेशा वोट बैंक के गणित में ही उलझे रहते हैं। आज देश एवं प्रदेश सभी इस बात को जानते और पहचानते हैं कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ती है। क्योंकि वे सभी गवाह है कि पूर्व मुख्यमंत्री जनरल खंडूरी को उत्तराखंड की बागडोर सौंप कर भाजपा ने सेना के शौर्य, अनुशासन एवं ईमानदारी को सम्मान देने का काम किया । और आज भी एक सैनिक पुत्र मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी वर्तमान दशक को उत्तराखंड का बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं, जो इस सैन्य बहुल प्रदेश के सामर्थ्य को प्रदाशित करता है।

# जेल में भी चलता था मुख्तार अंसारी की खौफ का सिक्का, दो घंटे लगता था दरबार

लखनऊ एजेंसी । उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्तार अंसारी की हत्या के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि तीन सदस्यीय समिति मौत की जांच करेगी। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने दावा किया है कि उनके पिता को जेल में स्लो प्वाइजन दिया गया। इसी तरह का दावा मुख्तार अंसारी के भाई और गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी ने भी किया है, लेकिन अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। मुख्तार अंसारी जिसे खौफ का दूसरा नाम भी कहा जाता था उसने सारी उम्र अपने दबंगई का रौब बनाए रखा। रौब इतना था कि मछलियां खाने के लिए गाजीपुर जेल में तालाब खुदवा दिया था। जिससे दुश्मनी रखी उसकी हत्या ऐसे करवाई मानो कोई फिल्मी सीन चल रहा था। मुख्तार का हत्या के मामले में पहली बार नाम तब आया जब मुहम्मदाबाद से गाजीपुर, बलिया और बनारस के लिए प्राइवेट बसें चलती थीं। सचिदानंद राय इस धंधे के माहिर खिलाड़ी माने जाते थे। कहा जाता है कि मुख्तार के कुछ लोग भी इस धंधे में थे. किसकी बस कब निकलेगी इसको लेकर विवाद हो गया। मुख्तार के जवानी के दिन थे, उसने सचिदानंद की गैरमौजूदगी में उनके लोगों को खदेड़ दिया।



सचिदानंद को जब ये बात पता चली तो वह झगड़ा करने मुख्तार के घर 'फाटक' पहुंच गए। कहा जाता है कि मुख्तार को यह बात बहुत बुरी लगी, इसके कुछ दिन बाद सचिदानंद की हत्या हो गई. इसमें नाम मुख्तार का आया लेकिन कुछ साबित नहीं हो पाया। पूरे जीवन में मुख्तार पर 61 केस दर्ज हुआ जिनमें से 8 तो हत्या के जेल में मुख्तार के बंद रहने के दौरान दर्ज हुए। मुख्तार दो साल से बांदा जेल में बंद था। मार्च, 2023 के आखिरी हफ्ते में इस जेल से एक कैदी छूटकर बाहर आया था। नाम न बताने की शर्त पर उसने बताया कि मुख्तार को स्पेशल हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया था। उसकी बैरक दूसरे कैदियों से अलग थी। ये बैरक जेल के बीच वाले गेट के पास ही बनी है। गेट के पास ही वह हर रोज घंटे-दो घंटे कुर्सी डालकर बैठता था। वहीं जेल अधिकारियों और दूसरे कैदियों से मिलता था। मुख्तार जब तक वहां बैठता था, कोई उस गेट से आ-जा नहीं सकता था। मुझे जब जेल से छूटना था, तब भी मुख्तार उसी गेट पर बैठा था। इस वजह से मेरी रिहाई करीब दो घंटे लेट हुई। बीते दिनों मुख्तार अंसारी ने बाराबंकी कोर्ट में एक एप्लिकेशन भी दाखिल की थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि उसे जेल में खाने में विषैला पदार्थ मिलाकर दिया जा रहा है। अंसारी ने दावा किया कि 19 मार्च को खाना खाने के बाद उनकी नसों और अंगों में दर्द होने लगा। गाज़ीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में कालीबाग कब्रिस्तान में अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने की भी तैयारी जारी है। जिले के एक अधिकारी ने कहा, अंसारी के शव को ले जाने वाला काफिला शुक्रवार की नमाज के बाद अपनी यात्रा शुरू करेगा। पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गई है।

# भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने मसूरी में किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**देहरादून ( संवाददाता )।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और सांसद प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह आज मसूरी पहुंचे, जहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और सांसद प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने टिहरी लोकसभा के अंतर्गत मसूरी में चुनाव कार्यालय उद्घाटन किया। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अनेकों अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरीवासियों से टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मंत्री जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का आव्हान भी किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने भी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमें प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करना है। माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कहा विगत वर्षों में हमारी सरकार ने जो कहा वह किया है। माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा पार्टी को अपना अमूल्य समर्थन और वोट करने की अपील भी की। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी कमली भट्ट, सुनील विनोद सुयाल, मण्डल अध्यक्ष राकेश रावत, प्रदीप रावत, ज्योति कोटिया, मोहन पेटवाल, सतीश ढौंडियाल, सुरेंद्र राणा, ओपी उनियाल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा ने किया सोशल मीडिया पदाधिकारियों की कार्यशाला और सम्मेलन का आयोजन

हरिद्वार,संवाददाता। लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा की और से चंडी घाट स्थित दिव्य प्रेम सेवा मिशन में सोशल मीडिया पदाधिकारियों की कार्यशाला और सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के प्रयोग के मूलमंत्र प्रदान किए और लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विकास की बात कैंपेन से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड के माध्यम से फेसबुक पेज को लॉन्च किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप कुमार ने सभी को सोशल मीडिया की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगठन महामंत्री अजय कुमार ने बताया कि चुनाव की दृष्टि से भाजपा के संगठन की रीति नीति के साथ सबको सोशल मीडिया का उपयोग करना है। प्रदेश संयोजक नवीन ठाकुर ने सोशल मीडिया की तकनीकी जानकारी देते हुए सबको सोशल मीडिया के सदुपयोग के बारे में बताया और कहा कि सोशल मीडिया दोधारी तलवार की तरह है। जिसे बहुत सोच समझ कर शालीनता के साथ उपयोग करना है। नमो ऐप के प्रदेश संयोजक अनूप सिंह रावत ने नमो ऐप के बारे सबको जानकारी देते हुए बताया कि नमो ऐप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अधिकारिक ऐप है। जिसके माध्यम से पीएम मोदी के बारे में सारे अपडेट मिलते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हरिद्वार लोकसभा सोशल मीडिया संयोजक आशीष कुमार झा ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटों पर भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत के दौरान त्रिवेंद्र सिंह रावत प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने सभी सोशल मीडिया पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन करने के लिए सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए थे। जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सोशल मीडिया के उपयोग और दुर्पयोग के बारे में बताया। इस अवसर पर लोकसभा सह प्रभारी मयंक गुप्ता, आईटी सेल प्रदेश संयोजक अजीत नेगी, जिला संयोजक मनोज शर्मा, विकास प्रजापति, जयंत शर्मा के साथ, प्रदेश महिला मोर्चा सोशल मीडिया संयोजक रंजना चतुर्वेदी, प्रदेश सदस्य प्रशांत चमोली आदि सहित लोकसभा क्षेत्र की सभी विधान सभाओं और मंडलों के संयोजक, सह संयोजक और सदस्य उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई

**चम्पावत ( संवाददाता )।** भाजपा कार्यालय में चम्पावत विधानसभा की कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा की अध्यक्षता और जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया जी के संचालन में बैठक हुई।



मुख्य अतिथि लोकसभा सह प्रभारी व दर्जा मंत्री दीपक मेहरा रहे। उन्होंने ने एकजुटता के साथ संगठन भाव से लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक व मजबूती के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मंडल, शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर पर कार्यक्रमों की रचना तैयार करने के लिए कहा। चुनाव संयोजक शंकर पांडेय ने विधानसभा में संगठन का माहौल तैयार करने के लिए सभी से आह्वान किया। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ काम करने को कहा। विधानसभा प्रभारी मोहित पाठक ने प्रदेश नेतृत्व के बताए गए आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। 1 से 3 अप्रैल तक शक्तिकेन्द्र स्तर पर सभा का आयोजन करने सभी घरों में झंडा, बैनर लगे। 1 से 10 अप्रैल तक "मैं भी पन्ना प्रमुख हूं।" अभियान चलाने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मतदाता सूची के जिस पन्ने में नाम होगा, उसके साथ फोटो लेकर सोशल मीडिया में शेयर करने को कहा। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता के घर में झंडा लगाने। 14 अप्रैल को प्रत्येक स्थानों में पर बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कार्यक्रम करने। 17 अप्रैल को शक्ति पूजन कार्यक्रम के तहत महिला मोर्चा प्रत्येक स्थानों पर कन्या पूजन करने। इसके अलावा मंडल, शक्तिकेन्द्र और बूथ स्तर पर अब पूरी ताकत के साथ अब चुनाव अभियान में जुट जाने को कहा। बैठक में कोर कमेटी व प्रबंधन समिति के सदस्य प्रदेश मंत्री भाजपा हेमा जोशी, भाजयुमो अध्यक्ष गौरव पांडे मौजूद रहे।

# पुण्य तिथी पर पत्रकारों ने किया अमर शहीद गणेश शंकर विद्याथी को नमन

हरिद्वार। निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रतीक अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्य तिथी पर प्रेस क्लब में पत्रकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया ने कहा कि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकार थे। कानपुर से प्रकाशित 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने न सिर्फ पत्रकारिता के नए मानक प्रस्तुत किए और भारतीय समाज में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए निरंतर सक्रिय रहे। 25 मार्च 1931 को कानपुर में संपादायिक दंगे को शांत करने की कोशिश में वे शहीद हो गए थे। एनयूजे अध्यक्ष आदेश त्यागी और वरिष्ठ पत्रकार बालकृष्ण शास्त्री ने कहा कि अपनी लेखनी से पत्रकारिता के उच्च मुकाम स्थापित करने के साथ लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण अभियान में स्व.गणेश शंकर विद्यार्थी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर शिवा अग्रवाल, राहुल वर्मा, मुकेश वर्मा, शिवकुमार शर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# चिन्मय कॉलेज में खेल सप्ताह शुरू

हरिद्वार। चिन्मय डिग्री कॉलेज में खेल सप्ताह के पहले दिन क्रिकेट में ब्वॉयज द्वितीय वर्ष और वॉलीबॉल में गर्ल्स तृतीय वर्ष की टीम ने जीत दर्ज की। अतिथियों ने कहा कि खेल स्वास्थ्य के लिए जरूरी है खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसका अवसर पर आईआईटी के पूर्व स्पोर्ट्स इंचार्ज हेमंत शर्मा, कर्नल राकेश सचदेवा, प्राचार्य आलोक अग्रवाल, वैष्णोदास शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष हर्षित सैनी आदि मौजूद रहे।

# पीठासीन अधिकारियों और चुनाव अधिकारियों को शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने का प्रशिक्षण दिया

**पौड़ी गढ़वाल ( संवाददाता )।** इस दौरान कर्मचारियों को अलग-अलग पालियों में सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट संचालन का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया। प्रेक्षागृह में चल रहे प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत ने प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों से सावधानीपूर्वक दायित्व निर्वह करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे सहित केंद्र के अंदर पूर्ण निगरानी की भी है। वह यह सुनिश्चित कर लें कि केंद्र और आसपास ऐसा कोई निशान न हो, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो। उन्होंने मतदान कर्मचारियों को चैलेंज्ड वोट और टेंडर वोट में अन्तर बताया। कहा कि दोनों का प्रयोग अलग -अलग परिस्थिति में किया जाता है। उन्होंने कहा कि मतदान की सुबह 6.30 बजे पर मॉक पोल करने के पश्चात इसकी पर्चियां लिफाफे में सुरक्षित रख दें। सुबह 8.00 बजे मतदान शुरू होने पर एसएमएस के माध्यम से इसकी जानकारी दें। सुबह 9.00 बजे से प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर मतदान का अपडेट देना है।

# डेरा प्रमुख की हत्या पीड़ादायक, जल्द सलाखों के भीतर होंगे आरोपी: भट्ट

**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा ने डेरा प्रमुख की हत्या को पीड़ादायक बताते हुए अपराधियों के जल्द सलाखों के पीछे होने का भरोसा जताया है। कानून व्यवस्था को लेकर सीएम धामी का ट्रेक रिकॉर्ड बताता है कि अपराधी किसी कीमत पर बचने वाले नही है। साथ ही विपक्ष से इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने से बचने की जरूरत है।

मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख की हत्या बेहद निंदनीय और पीड़ादायक है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर बेहद गंभीर हैं और उन्होंने पुलिस को सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों को शीघ्र पकड़ने के आदेश दिए हैं। सरकार ने इसमें एसआईटी गठित कर दी है और मौके पर डीजीपी एवम अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जांच में शामिल हैं। हमे सीएम धामी के अपराधमुक्त राज्य के संकल्प और पुलिस की क्षमता पर पूरा भरोसा है कि अतिशीघ्र हत्यारे कानून की गिरफ्त में होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के इस कार्यकाल में भी कानून व्यवस्था का रिकॉर्ड शानदार है । अभी तक भी जिसने भी प्रदेश में कानून अपने हाथ में लेने का काम किया है वह किसी भी सूरत में बच नहीं पाया है। कानून व्यवस्था को लेकर कभी कोई ढिलाई नहीं बरती गई है । हाल की बात करें तो हल्द्वानी में मचाए उत्पाद और देवभूमि में अशांति फैलाने की कोशिश को धामी



सरकार ने 24 घंटे में नियंत्रित किया । इस पूरे विवाद को सुलझा कर शांति व्यवस्था कायम की और दोषियों पर कठोरतम कार्यवाही की। सरकार उत्तराखंड का माहौल और छवि खराब करने की साजिशों से अनुभव लेकर तत्काल सख्त दंगरोधी कानून लेकर आए। हम निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि सरकार का संकल्प है जिसने भी यह निर्मम हत्या की है उस व्यक्ति या जो भी सम्मिलित होंगे उनको बहुत जल्दी सलाखों के पीछे पहुंचाकर सख्त सजा दिलाई जाएगी। इस दौरान अंकिता भंडारी की घटना को इस मुद्दे से जोड़ने वाली कांग्रेस पर पलटवार किया कि उस घटना के सभी जेल में हैं और कानूनी प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है । हमे विश्वास है सभी दोषियों को न्यायालय से कठोरतम सजा दिलाने में हम अवश्य सफल होंगे। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत दी कि इस दुखद एवं संवेदनशील घटना पर राजनीति करने से बचना चाहिए ।

# दंपति को पीटा, मंगलसूत्र छीनने का आरोप

हरिद्वार। सिडकुल में हमलावरों ने एक दंपति और मकान मालकिन की पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावर महिला का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि योगेंद्र पाल निवासी कृपाल नगर रावली महदूद ने बताया कि विनीत, भूरा, राजन, दीपक अपने चार साथियों के साथ उसके घर में घुस आए।

आरोप है कि गाली-गलौज कर मारपीट की गई। इस दौरान हो-हल्ला होने पर उसकी पत्नी और मकान मालिक पूनम देवी बीच बचाव को आए तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट कर दी। बताया कि आरोपियों ने उसकी पत्नी का मंगलसूत्र छीन लिया। बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हरियाणा के अपराधी दबोचे, असलहा-कारतूस बरामद

हरिद्वार। एसटीएफ और खड़खड़ी चौकी पुलिस ने हरियाणा के दो अपराधियों को दबोच लिया। उनके कब्जे से एक देसी तमंचा, जिंदा कारतूस और अस्सी हजार रुपये बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ हरियाणा में लूट समेत संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि एसआई विपिन बहुगुणा की अगुवाई में एसटीएफ की टीम बुधवार रात यहां पहुंची। टीम ने खड़खड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी के साथ निर्धन निकेतन के पास तीन लोगों को दबोच लिया। उनके कब्जे से असलहा, कारतूस और अस्सी हजार रुपये बरामद हुए।

# महानगर कांग्रेस ने टिहरी और हरिद्वार सीट पर प्रचार की रणनीति बनाई

**देहरादून (संवाददाता)।** कांग्रेस भवन में महानगर इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने टिहरी और हरिद्वार सीट पर चुनाव प्रचार को लेकर चर्चा की। बैठक में बूथ, ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को घर-घर कांग्रेस का संदेश लेकर जाने की अपील की गई। महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महानगर क्षेत्र के तहत टिहरी लोकसभा के मसूरी, राजपुर रोड, रायपुर, कैंट और हरिद्वार लोकसभा के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार की रणनीति बनाई गई। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जोत सिंह गुनसोला और बीरेंद्र रावत के लिए पार्टी की अलग-अलग टीमें अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करेंगी। साथ ही वार्ड स्तर पर नुक्कड़ सभाएं भी होंगी। वक्ताओं ने इस मौके राजनैतिक चंदे के साथ ही बेरोजगारों, खिलाड़ियों, किसानों पर लाठीचार्ज करने वाली सरकार की सच्चाई लोगों के बीच पहुंचाएंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, प्रदेश प्रवक्ता आशीष नौटियाल, महानगर उपाध्यक्ष विपुल नौटियाल, देवेन्द्र कुमार, दीप वोहरा, चुन्नीलाल, अनुराधा तिवारी, मोहन काला, अभिषेक तिवारी मौजूद रहे। नानकमत्ता में हुए हत्याकांड को लेकर महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। शर्मा ने कहा कि डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की दिनदहाड़े निर्मम हत्या ने राज्य में कानून की स्थिति की पोल खोल दी है।

# जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेट को दिया प्रशिक्षण



हरिद्वार,संवाददाता। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए बीएचईएल के कन्वेंशन हॉल में जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेट्स को मास्टर ट्रेनरों द्वारा सैद्धांतिक व ईवीएम, वीवीपैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण केएन तिवारी ने कहा कि वे मतदान कार्मिकों की भांति ईवीएम, वीवीपैट संचालन में पूर्ण रूप दक्षता हासिल करें। उन्होने कहा कि सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में या ईवीएम संचालन में जो भी शंका हो उसका तत्काल समाधान करा लिया जाए। ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू व निर्बाध रूप से सम्पन्न कराया जा सकें। उन्होने विभिन्न प्रपत्रों, प्रक्रियाओं के साथ ही ईवीएम का हैंडसऑन एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण लेने को कहा ताकि मतदान दिवस पर किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा मतदान पार्टियों के साथ समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्धता से रिपोर्टिंग करें। उन्होंने कहा कि मॉक पोल अनिवार्य रूप से कराना है व मॉक पोल कराकर निर्धारित समय पर मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम, वीवीपैट मशीन को लाने व ले जाने में पूर्ण सावधानी बरती जाए। मतदान पार्टियों से निर्धारित रूट से ही आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, परियोनजा निदेशक एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण केएन तिवारी, एसडीएम अजयवीर सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसबीआई कार्ड और टाइटन ने मिलकर 'टाइटन एसबीआई कार्ड' लॉन्च किया

**देहरादून (संवाददाता)।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने टाइटन कंपनी लिमिटेड, आभूषण, घड़ियों, चश्मे और एथनिक वियर की श्रेणियों में अग्रणी खिलाड़ी, के साथ पार्टनरशिप में आज टाइटन एसबीआई कार्ड लॉन्च किया है। अपनी तरह का अनोखा शॉपिंग क्रेडिट कार्ड कंज्यूमर्स की आकांक्षात्मक खर्च की ज़रूरतें पूरी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टाइटन एसबीआई कार्ड विभिन्न जीवनशैली श्रेणियों में खर्च पर त्वरित लाभ प्रदान करता है।

कैशबैक, टाइटन गिफ्ट वाउचर और रिवॉर्ड पॉइंट जैसी सुविधाओं के साथ, कार्डहोल्डर सालाना 2,00,000 रुपए से ज़्यादा के ख़ास फ़ायदे ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति एसबीआई कार्ड वेबसाइट (https://www.sbicard.com/) या टाइटन स्टोर्स पर जाकर एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से पूरी तरह से डिजिटल तरीके से कार्ड के लिए नामांकन कर सकता है। टाइटन एसबीआई कार्ड, एक इंडस्ट्री-फ़र्स्ट को-ब्रैंड कार्ड है, जो आभूषण, घड़ियों और आईवियर जैसी हाई वैल्यू खर्च श्रेणियों पर सोच-समझकर क्यूरेटेड फ़ायदे देता है। यह कार्ड घड़ियों की श्रेणी में टाइटन पर 7.5% कैशबैक देता है; महिलाओं की एथनिक वियर श्रेणी में तनीरा; आईवियर श्रेणी में टाइटन आईप्लस; और अन्य गैर-आभूषण टाइटन ब्रैंड। आभूषण क्षेत्र में अपनी तरह का पहला कार्ड यह करता है कि आभूषण खरीदारी कस्टमर के लिए एक रोमांचक और समान रूप से फ़ायदेमंद मामला बन जाए। कार्डहोल्डर अपने ऑफ़लाइन और ऑनलाइन स्टोर पर मिया, कैरेटलेन और ज़ोया से टाइटन एसबीआई कार्ड का इस्तेमाल करके खरीदारी करने पर 5% कैशबैक के पात्र हैं। इसके अलावा, तनिष्क से खरीदारी करने पर, उन्हें खर्च के 3% मूल्य के टाइटन गिफ़्ट वाउचर मिलते हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष ने नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के बाबा तरसेम सिंह की हत्या पर दुःख व्यक्त किया

**देहरादून (संवाददाता)।** नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के मुखी बाबा तरसेम सिंह



की हत्या पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करना माहरा ने दुःख जताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के मुखी बाबा तरसेम सिंह हत्या पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि राज्य में काननू व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं। खुले आम इस जघन्य हत्या की घटना से भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें।

करन महरा ने कहा कि नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के मुखी तरसेम सिंह जी की गोली मारकर हत्या की घटना अत्यंत दुःखद है बाबा तरसेम सिंह नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे में कार सेवा के प्रमुख थे। दो बाइक सवारों द्वारा खुले आम तरसेम सिंह जी की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। उन्होंने कहा कि बदमाशों ने ए.के 47 राइफल से उन पर ताबडतोड़ फायरिंग कर क्षेत्र में दहषत फैलाकर कानून व्यवस्था की धज्जियां उडाई हैं।

करन महरा ने कहा कि इस दुःखद घटना ने उत्तराखंड में कानून व्यवस्था की पूरी तरह से पोल खोल दी है उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लगातार लूट और हत्याओं की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। स्व. तरसेन सिंह जी का सारा जीवन जनसेवा में समर्पित था, देश विदेश में उनके लाखों की तादाद में अनुयाई थे, उत्तराखंड सरकार उन्हें पुलिस सुरक्षा देने में नाकाम रही। उन्होंने कहा इस हत्याकाण्ड से स्थानीय पुलिस पूरी तरह से विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा बाबा तरसेम सिंह जी केवल खिखों के गुरू नही थे बल्कि वे सर्व समाज के हितैषी थे। उन्होंने सदैव समाज के निम्न वर्ग के लिए काम किया। उनकी हत्या से राज्यभर में षोक लहर है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से इस जघन्य हत्याकाण्ड की हाईकोर्ट के सिटिंग जज की देखरेख में उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि हत्या के आरोपियों को तत्काल पकड़ा जाये ताकि राज्य में षान्ति को माहौल बना रहे। उन्होंने पुलिस सुरक्षा पर सवाल खडे करते हुए कहा कि आजकल लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं ऐसे में इस तरह की घटना होना राज्य के लिए दुःखद है।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक: अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेल: liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।